हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 21 जुलाई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 संजयनगर मुख्य मार्ग बना नदी, राहगीर परेशान


हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं.
8

## ग्राम त्रिकुंडा की घटना, प्रधान पाठक की चचेरे भाइयों ने की बेरहमी से हत्या

# जमीन के टुकड़े की खातिर अपने ही बने खून के प्यासे, गला रेतकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रामानुजगंज

जमीन विवाद को लेकर अपने ही एक दूसरे के खून के प्यासे हो गए। सोमवार को सुबह सुबह स्कूल जाने के लिए निकले प्रधान पाठक की उसके चचेरे भाइयों ने बेरहमी से हत्या कर दी। जमीन के टुकड़ों के लिए आरोपियों ने पहले पीछे से हथौड़े से सिर पर वार कर जमीन पर गिराया और फिर चाकू से गला रेत दिया। इस घटना में प्रधान पाठक की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना के बाद आक्रोशित मृतक के परिजन ने आरोपियों के घर को आग के हवाले कर दिया। दो परिवारों के बीच हुए इस खुनी जंग से गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दमकल की मदद से आग पर काबू पाया इसके साथ ही मृतक के शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया। वहीं पुलिस ने हत्या के आरोपियों को हिरासत में लिया है और जांच चल रही है।

**खास बात**
- मृतक के परिजन ने आरोपियों के घर में लगाई आग

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के त्रिकुंडा थाना अंतर्गत ग्राम राधा नगर निवासी 49 वर्षीय जयकरण जगते आ. गोपी नाथ जगते धमनी के कुम्हारियापारा स्थित प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के पद पर पदस्थ थे। जयकरण जगते सोमवार की सुबह घर से स्कूल जाने के नाम पर निकले थे। इस दौरान नवाडीह में अपने गौशाला के पास घात लगाकार बैठे हुए जयकरण जगते के चचेरे भाइयों 26 वर्षीय बृजमोहन जगते आ. बैजनाथ जगते व 23 वर्षीय हरिमोहन जगते आ. बैजनाथ ने पीछे से सिर पर हथौड़े से हमला कर दिया। हथौड़े के वार से जयकरण जगते जमीन पर गिर गए जिसके बाद आरोपी भाइयों ने उसपर चाकू से हमला कर दिया और कई वार करने के बाद गर्दन रेतकर हत्या कर दी। इस घटना में जयकरण जगते की मौके पर ही मौत हो गई। दिन दहाड़े प्रधान पाठक की चचेरे भाइयों द्वारा बेरहमी से हत्या किए जाने की घटना से गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया।


घटना स्थल पर मृतक प्रधानपाठक।


आरोपी के घर से उठता आगी की लपटे।

### लम्बे समय से चल रहा विवाद

इस घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया है। हत्याकांड को लेकर अबतक जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार जयकरण जगते और चचेरे भाइयों बृजमोहन जगते व हरिमोहन जगते के साथ जमीन का विवाद वर्षों से चल रहा है। इस घटना के पहले हाल ही में गांव में दोनों पक्षों के बीच विवाद भी हुआ था। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द करने के साथ ही आरोपियों को हिरासत में लिया है और मामले की विवेचना चल रही है। जमीन के विवाद में पहले बेरहमी से गला काटकर हत्या और फिर दूसरे पक्ष द्वारा आगजनी किए जाने के बाद खुनी संघर्ष से गांव में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है।

### जलकर खाक हुआ आरोपियों का घर

जमीन के विवाद में चचेरे भाइयों द्वारा जयकरण जगते की दिनदहाड़े हत्या किए जाने की सूचना मिलने के बाद मृतक के परिजन आक्रोशित हो गए। इस दौरान आक्रोशित मृतक के परिजन ने आरोपियों बृजमोहन जगते व हरिमोहन जगते के घर को आग के हवाले कर दिया। मिट्टी का घर आग की चपेट में आने के बाद जलने लगा। इस दौरान घर में लगे बांस, बल्ली व अन्य सामान जलने लगे। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी व्यास नारायण चुरेंद्र के नेतृत्व में दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जबकि घर के अन्य सदस्यों ने भागकर अपनी जान बचाई। इस घटना में आरोपियों का घर जलकर खाक हो गया।

### चल रही है जांच

इस मामले में हमने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ चल रही है। जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

-वैभव बैंकर रमनलाल
एसपी बलरामपुर




# उप स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे बीएमओ लटका था ताला, नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में उप स्वास्थ्य केंद्र की हालत का अंदाजा इस तस्वीर से लगाया जा सकता है। दोपहर के पौने एक बजे अस्पताल में ताला लगा हुआ है और स्वास्थ्य कर्मी नदारत है। यह मामला जिले के लखनपुर विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र जमगवां का है। अस्पताल के सभी स्वास्थ्य कर्मियों के नदारत रहने पर बीएमओ ने आरएचओ समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया है।

- जमगवां आरोग्य मंदिर के आरएचओ, एएनएम को कारण बताओ नोटिस

बताया जा रहा है कि जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जमगवां उप स्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लगातार बंद रहने की शिकायत मिल रही थी। शिकायत के बाद सोमवार को दोपहर 12.48 बजे बीएमओ लखनपुर डॉ. ओपी प्रसाद उप स्वास्थ्य केंद्र के आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान अस्पताल के बाहर मुख्य गेट पर दोपहर के समय ताला लटका हुआ था और स्वास्थ्यकर्मी नदारत थे। बड़ी बात यह है कि इन दिनों मौसमी बीमारियों के फैलने का खतरा रहता है। इसके साथ ही सर्प दंश के मामले भी ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ जाते है। ऐसे में उप स्वास्थ्य केंद्र का बंद रहना बड़ी लापरवाही को उजागर करता है। एक तरफ शासन व अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे है और दूसरी तरफ निचले स्तर पर स्वास्थ्यकर्मियों की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही है। उप स्वास्थ्य केंद्र के भी आए दिन बंद रहने और आरएचओ व स्वास्थ्य कर्मियों के गायब रहने की शिकायत मिल रही थी जिसकी पुष्टि हुई। बीएमओ ने वस्तु स्थिति से सीएमएचओ सरगुजा डॉ. पीएस मार्को को अवगत कराया जिसके बाद सीएमएचओ ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। ऐसे में बीएमओ डॉ. ओपी प्रसाद ने आरएचओ श्रीमती प्रिया, कृष्ण कुमार सिंह व एएनएम श्रीमती कंचनलता कुशवाहा को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब मांगा है। नोटिस का जवाब असंतोषप्रद रहने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## खबर संक्षेप

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**बलरामपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 21 जुलाई को 10 बजे संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।

### गिरने से गंभीर वृद्ध की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** घर में गिरने से गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम मनोरा टेम्पू निवासी भूषण राम आ. स्व. रामजन राम (63 वर्ष) 19 जुलाई की सुबह ब्रश कर रहा था। इसी दौरान अचानक गिर गया। वृद्ध का तबियत ज्यादा खराब होने पर परिजन उसे जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां देर रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### कार्रवाई करने होटल पहुंची टीम लौटी बैरंग

**अम्बिकापुर।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर होटल वीरेन्द्र प्रभा पर कार्रवाई करने पहुंची प्रशासन की संयुक्त टीम को बैरंग लौटना पड़ा। वरिष्ठ अधिकारियों को होटल वीरेन्द्र प्रभा में गुणवत्ताहीन भोजन परोसने की शिकायत मिली थी। अधिकारियों के निर्देश पर तहसीलदार खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी एवं ननि की संयुक्त टीम होटल वीरेन्द्र प्रभा पहुंची तथा खाद्य सामग्रियों की जांच कर कुछ नमूना एकत्र किया। इस दौरान टीम कार्रवाई को बीच में ही छोड़कर बैरंग वापस लौट गई। इस संबंध में खाद्य सुरक्षा विभाग के अभिहित अधिकारी नितेश मिश्रा ने बताया कि शिकायत पर संयुक्त टीम होटल की जांच करने पहुंची थी लेकिन जांच में कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली।

### सेंध लगाकर चोर ले उड़े नकदी सहित ढाई लाख से अधिक के मोबाइल

**अम्बिकापुर।** ग्राम सलका साढ़ामार स्थित किराए के मकान में संचालित मोबाइल दुकान के पीछे के दीवार में सेंध लगाकर चोरों ने दुकान से नकदी सहित लगभग ढाई लाख से अधिक कीमत का मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर ले गए। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार प्रेम नगर अंतर्गत ग्राम सलका साढामार निवासी कृष्ण कुमार साहू आ. भैयालाल साहू (25 वर्ष) प्रेमनगर में किराए का मकान लेकर मोबाइल दुकान का संचालन करता है। हर रोज की भांति 17 जुलाई की रात दुकान बंद कर घर चला गया। दूसरे दिन सुबह दुकान खोला तो उसके होश उड़ गए। दुकान में सामान बिखरे हुए थे जबकि दुकान के पीछे दीवार में सेंध लगा हुआ था। दुकान संचालक ने जब दुकान में रखे सामान का मिलान किया तो पता चला की दो सीसीटीवी कैमरा, एलईडी टीवी, काउंटर में रखे 20 हजार सहित लगभग 2 लाख 86 हजार 550 रुपए के मोबाइल गायब थे। घटना की रिपोर्ट दुकान संचालक ने थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 331(4), 305 के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

# कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने की आईजी से मुलाकात, की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भाजपा नेताओं से जुड़े भ्रष्टाचार, मारपीट और जमीन घोटाले जैसे गंभीर मामलों में कांग्रेस द्वारा दिए गए ज्ञापन पर पुलिस कार्रवाई की जानकारी लेने को लेकर सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी का एक दल जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में सरगुजा रेंज के आईजी दीपक झा से मिला।

- पूर्व में सौंपे गए ज्ञापन व भाजपा नेताओं से जुड़े मुद्दों को लेकर की चर्चा

कांग्रेस के इस दल में निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हेमंत सिन्हा भी शामिल थे। कांग्रेस का आरोप है कि विगत माह कलाकेंद्र मैदान के आबंटन में रिश्वतखोरी से संबंधित एक मोबाइल वार्ता का ऑडियो वायरल हुआ था। मैदान के आबंटन के लिए लेनदेन की इस वार्तालाप में मौजूद स्वर महापौर और भाजपा जिलाध्यक्ष के बताया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सीतापुर में विधायक के द्वारा राजस्व अधिकारी से मारपीट की बात हो या भिट्ठी कला में एक बेवा महिला के साथ जमीन खरीद में धोखाधड़ी का मामला हो, इन सभी मे भाजपा के बड़े नेता या उनके समर्थक शामिल हैं। महीनों बीत जाने के बावजूद पुलिस इन प्रभावशाली लोगों के विरुद्ध कार्यवाही शुरू नहीं कर पा रही है। इन घटनाओं के सामने आने के बाद कांग्रेस ने थाने से लेकर उच्च पुलिस अधिकारियों को कारवाई हेतु ज्ञापन सौंपा लेकिन पुलिस का रवैया अबतक शिथिल और निराशाजनक रहा है। 6 जुलाई को कांग्रेस ने न्याय रैली निकाल सरगुजा रेंज के आईजी को कार्रवाई हेतु लिखित निवेदन, साक्ष्य के साथ दिया किंतु 2 सप्ताह बीतने की बावजूद इन मामलों में ठोस कार्रवाई की जानकारी नहीं मिलने पर कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल सरगुजा रेंज के आईजी दीपक झा से मुलाकात कर कार्रवाई की जानकारी मांगा। इस मामले में सीधी चर्चा में आईजी ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को हो रही कार्यवाहियों की जानकारी देने के साथ ही साथ आश्वस्त किया है कि इन मामलों को लेकर अब नतीजे सामने आएंगे और कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को दुबारा इन मांगों के लिए नहीं आना पड़ेगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने भी कहा कि कार्रवाई संतोषजनक होनी चाहिये अन्यथा कांग्रेस भाजपा मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री तक के दौरे में विरोध स्वरूप काला झंडा लेकर खड़ी मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल में संजय विश्वकर्मा, विनीत विशाल जायसवाल, पापिन्दर सिंह, शुभम जायसवाल मौजूद रहे।


आईजी से चर्चा करते कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

# सरगुजा पुलिस व साइबर सेल ने लौटाए 129 नग मोबाइल फोन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस व साइबर सेल द्वारा चलाए गए अभियान के तहत एक बार फिर से गुम हुए मोबाइल फोन उनके असल मालिकों को लौटाए गए। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी सरगुजा ने 129 नग मोबाइल फोन उनके लोगों के सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान उन्हें साइबर क्राइम, राहवीर योजना सहित अन्य जानकारियां प्रदान की गई।

- लोगों को दी गई साइबर क्राइम और राहवीर योजना की जानकारी

बता दें कि सरगुजा जिले में एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन कों खोजकर असल मालिकों कों पुनः वापस पहुंचाने अभियान चलाया गया है। इस अभियान के तहत एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों के नेतृत्व मे साइबर सेल एवं जिले के समस्त थाना-चौकी पुलिस टीम द्वारा सर्विलांस तकनीक की मदद से पिछले 5 महीने मे कुल 129 गुम मोबाइल फोन कुल कीमती लगभग 31 लाख रुपये का मशरुका वापस बरामद किया गया और मोबाइल धारको को सौपा गया। इससे पूर्व सरगुजा पुलिस द्वारा फरवरी माह में 525 नग गुमे हुए मोबाइल वापस को बरामद कर मोबाइल धारको को वापस सौपा गया था। मोबाइल असल मालिकों को वापस लौटाने हेतु पुलिस टीम की तकनीकी दक्षता, समन्वय और सतत प्रयासों की आमजनो द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल ने मोबाइल धारको को कहा कि कई मोबाइल धारको को मोबाइल गुमने के पश्चात वापस मिलने की उम्मीद नहीं होती है, लेकिन पुलिस टीम के सामूहिक प्रयास से आपको आपका गुमा हुआ मोबाइल वापस खोजकर दिलाया गया है। मोबाइल धारक अपने मोबाइल संभाल कर रखे, स्वयं सचेत

⏭ शेष पेज 4 पर



## हाथी का आतंकः बाइक सवार पर किया हमला, युवक ने भागकर बचाई जान

**प्रतापपुर।** प्रतापपुर वन परिक्षेत्र में जंगली हाथियों की लगातार बढ़ती सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। आज कनकनगर–चिटकाबहरा मार्ग पर एक हाथी ने अचानक बाइक सवार युवक पर हमला कर दिया। युवक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बाइक छोड़कर भागकर अपनी जान बचा ली, जबकि गुस्साए हाथी ने बाइक को सूंड और पैरों से पटक-पटक कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक कनक नगर से चिटका बहरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान सड़क किनारे मौजूद हाथी अचानक आक्रामक हो गया और तेज़ी से उसकी ओर दौड़ पड़ा। युवक ने खतरे को भांपते हुए तत्काल बाइक छोड़ दी और सुरक्षित स्थान की ओर भाग निकला। कुछ देर तक हाथी सड़क पर उत्पात मचाता रहा, जिससे मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा और लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में कई दिनों से हाथियों की आवाजाही लगातार बनी हुई है। कभी हाथी सड़क पर दिखाई देते हैं, तो कभी गांवों में घुस जाते हैं। कई बार खेतों में पहुंचकर फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं और राहगीरों के पीछे भी दौड़ पड़ते हैं। बरसात के मौसम में हाथियों की गतिविधियां बढ़ने से ग्रामीण भय और आतंक के साये में जीवन जीने को मजबूर हैं। शाम होते ही लोग घरों से निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद वन विभाग, वनरक्षक और हाथी मित्र दल की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की सलाह दी तथा हाथी की गतिविधियों पर निगरानी शुरू की। कुछ समय बाद हाथी वापस जंगल की ओर लौट गया, जिसके बाद मार्ग पर आवागमन बहाल हो सका। ग्रामीणों का आरोप है कि हाथियों की मौजूदगी की समय पर जानकारी नहीं मिलने से लोग अनजाने में खतरे वाले क्षेत्रों से गुजर जाते हैं। यदि समय रहते सूचना और सतर्कता व्यवस्था मजबूत हो, तो इस तरह की घटनाओं से बचा जा सकता है। लोगों ने वन विभाग से प्रभावित क्षेत्रों में नियमित निगरानी, मुनादी, गश्त और त्वरित अलर्ट व्यवस्था लागू करने की मांग की है।



## पीसीसीएफ ने ली अधिकारियों की बैठक, पत्रकारों से की चर्चा में कहा- अच्छी तकनीक का करेंगे उपयोग

# हाथी-मानव द्वन्द्व रोकने कर रहे हर संभव कोशिश : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को सरगुजा पहुंचे प्रदेश के पीसीसीएफ अरुण पाण्डेय मानव-हाथी द्वन्द रोकने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। हाथी नियंत्रण के लिए देशभर में जो भी अच्छी तकनीक है उसका उपयोग छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाथियों की मौत चिंताजनक है। इसके साथ ही वन भूमि पर अतिक्रमण रोकने के लिए ज्यादा परभावि कार्य किया जाएगा इस संबंध में अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए है।

पीसीसीएफ अरुण पाण्डेय पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। सरगुजा पहुंचे पीसीसीएफ ने वन विभाग के अधिकारियों की संभागीय बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को मानव हाथी द्वन्द रोकने, अवैध कटाई, अतिक्रमण सहित अन्य विषयों को लेकर निर्देश दिए। बैठक उपरान्त पत्रकारों से चर्चा करते हुए पीसीसीएफ श्री पाण्डेय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हाथी-मानव द्वंद में जनहानि का आंकड़ा चिंताजनक है। जन हानि को कम करने के लिए जो भी तकनीक देशभर में उपलब्ध है, उसे यहां लागू किया जाएगा। इसके लिए लगातार कई प्रयोग भी किए जा रहे हैं। वर्तमान में वर्तमान में हाथियों की निगरानी के लिए एप मौजूद है। इसके साथ ही हाथियों की निगरानी के लिए हाथी मित्र दल काम कर रहे हैं। एप के माध्यम से हाथियों की मौजूदगी की पूर्व सूचना दी जाती है। हाथी मित्र दल लोगों को सावधान करते हैं। पांडेय ने कहा कि मैं स्वयं हाथी प्रभावित केरल गया था, जहां हाथियों की संख्या छत्तीसगढ़ से दोगुनी है लेकिन मौत के आंकड़े आधे से भी कम हैं। पीसीसीएफ श्री पाण्डेय ने हाथियों की मौतों को लेकर कहा कि हाथियों द्वारा किए गये फसल और धनहानि का मुआवजा दिया जाता है जिससे ज्यादा दिक्कत नहीं है। जनहानि हमारे लिए चिंता का विषय है और इसे कम करने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाथियों की मौत भी चिंताजनक स्थिति में है और इसे कम करने के लिए क्या किया जा सकता है इसपर लगातार काम चल रहा है। इस दौरान सीसीएफ सरगुजा, डीएफओ सरगुजा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।



### लगा रहे है नए पेड़ भी

सरगुजा के हसदेव अरण्य क्षेत्र में नई कोयला खदानों के कारण की जा रही पेड़ों की कटाई के सवाल पर पीसीसीएफ श्री पाण्डेय ने कहा कि किसी भी इलाके में परिवर्तन का लंबा असर होता है। हम नए पेड़ भी लगा रहे हैं। उम्मीद करते हैं कि पर्यावरण या बायो डावर्सिटी पर कितना असर होगा, इसके लिए लंबा अध्ययन करना होता है। फिलहाल इसपर कुछ नहीं कह सकते। वहीं वन भूमि पर अतिक्रमण को लेकर उन्होंने कहा कि वनभूमि पर अतिक्रमण गंभीर समस्या है। हमारे जमीन की चोरी हो रही है। इसे रोकने के लिए आज भी अधिकारियों को बैठक में निर्देश दिया गया है। अधिकारियों को कहा गया है कि नियमित मानिटरिंग करें। एसईसीएल के अधिकारियों को भी आज बुलाया गया था, उन्हें भी निर्देश दिया गया है कि वनविभाग के साथ संयुक्त टीम बनाकर कोयला चोरी व अतिक्रमण रोकने के लिए काम करें। सामाजिक वानिकी में भी एसईसीएल पैसा लगाएगी। इसके लिए अब अनुमति मिल गई है, जो पहले नहीं थी।

### बढ़ाया गया लेमरू एलिफेंड रिजर्व का क्षेत्र

पीसीसीएफ अरूण कुमार पांडेय ने बताया कि लेमरू एलिफेंट रिजर्व का एरिया बढ़ाकर 1995 वर्ग किलोमीटर कर दिया गया है। इसका नोटिफिकेशन सेंट्रल से जारी हो गया है। लेमरू प्रोजेक्ट का काम जल्द दिखेगा। इसके लिए राशि भी स्वीकृत की गई है और काम भी हो रहे हैं। लेमरू क्षेत्र हाथियों का सुरक्षित रहवास दशकों से रहा है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ऐसे पार्क या संरक्षित क्षेत्र जो लोगों को आकर्षित कर सकते हैं, उन्हें विकसित करने एवं संचालित करने के लिए आउटसोर्सिंग का भी प्रस्ताव है। इसके लिए निविदा भी आमंत्रित की गई थी। गुरूघासीदास तैमोर पिंगला क्षेत्र में रिहायसी गांव व बसाहटें हैं। वहां के लोग चाहेंगे तो उनका पुनर्वास किया जाएगा। यही नियम भी है। ग्रामीणों की सहमति होगी तो उन्हें दूसरी जगह जमीन देकर बसाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आंबा केंद्र में बच्चों को गणवेश वितरित



**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत नगर पंचायत खोंगापानी के वार्ड क्रमांक 11 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को नन्हे-मुन्ने बच्चों को गणवेश वितरित किए गए। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को गणवेश प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि राज्य सरकार बच्चों के समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा के लिए लगातार कार्य कर रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से बच्चों को पोषण, शिक्षा और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। गणवेश वितरण से बच्चों में विद्यालय और आंगनबाड़ी के प्रति आत्मीयता बढ़ेगी। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद जितेंद्र गुप्ता, वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद इरशाद अहमद, पिंटू भास्कर, अब्दुल अजीज (अज्जू), शिवलाल चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### खोंगापानी आविमं स्कूल के अध्यक्ष बने धीरेंद्र

**मनेन्द्रगढ़।** खोंगापानी नगर के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र विश्वकर्मा को आदर्श विद्या मंदिर हाई सेकेंडरी स्कूल, मेन मार्केट खोंगापानी का नव नियुक्त अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी नियुक्ति पर जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, सामाजिक कार्यकतार्ओं एवं नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत खोंगापानी के जनप्रतिनिधियों, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, गणमान्य नागरिकों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। उपस्थित सभी लोगों ने श्री विश्वकर्मा का स्वागत करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में विद्यालय का संचालन और अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से होगा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास का सबसे मजबूत आधार होती है। विद्यालय के अध्यक्ष के रूप में धीरेंद्र विश्वकर्मा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ संस्था को मिलेगा।



### जिला स्तरीय छात्रावास समिति की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग अंतर्गत संचालित वर्ष 2026-27 के लिए जिले के 51 आश्रमों एवं छात्रावासों में नवीन छात्र-छात्राओं के प्रवेश के संबंध में जिला स्तरीय छात्रावास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रवेश प्रक्रिया की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को छात्रहित सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जांगड़े ने कहा कि छात्रावासों एवं आश्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पात्र विद्यार्थियों को प्रवेश का लाभ मिले तथा किसी भी पात्र छात्र-छात्रा को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि अनाथ एवं माता-पिता विहीन बच्चों को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता के साथ प्रवेश दिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने छात्रावासों की सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए महिला छात्रावासों में महिला होमगार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंचों को भी छात्रावासों की नियमित देखरेख एवं निगरानी में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए।

### कायस्थ समाज की बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के आमाखेरवा रोड स्थित डीके श्रीवास्तव के निवास पर जय चित्रांश के जयघोष के साथ कायस्थ समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज की सबसे बुजुर्ग सदस्य निर्मला सिन्हा की गरिमामयी उपस्थिति के साथ बड़ी संख्या में समाज के महिला, पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। बैठक में चित्रगुप्त मंदिर की वर्तमान व्यवस्था, कायस्थ समाज के लिए भवन निर्माण, सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों के नियमित संचालन तथा समाजहित के कार्यों के लिए स्वैच्छिक सहयोग राशि एकत्रित करने सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। उपस्थित सदस्यों ने समाज के सर्वांगीण विकास एवं संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव भी रखे। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक श्यामबिहारी जायसवाल से कायस्थ समाज के लिए भवन उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी।

कन्या छात्रावास समेत आसपास का परिसर जलमग्न

# संजयनगर मुख्य मार्ग बना नदी, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





- शहरी क्षेत्र में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था लोगों के लिए बनी मुसीबत

कोरिया जिले में बुधवार से मानसून फिर सक्रिय होने के बाद लगातार हो रही बारिश से जहां किसानों के चेहरे खिल उठे हैं, वहीं शहरी क्षेत्र में जल निकासी की बदहाल व्यवस्था लोगों के लिए मुसीबत बन गई है।

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर से लगे ग्राम पंचायत तलवापारा के संजयनगर मुख्य मार्ग पर रविवार रात से सोमवार देर शाम तक बरसाती पानी नदी-नाले की तरह सड़क पर बहता रहा। करीब 200 मीटर तक सड़क जलमग्न रहने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पैदल चलने वाले लोगों को सड़क छोड़कर किनारे से गुजरना पड़ा, जबकि दोपहिया वाहन चालक बड़े वाहनों के गुजरने पर उड़ने वाले पानी के छींटों से बचते हुए सावधानी से आवागमन करते रहे। पेट्रोल पंप से लेकर बुलेट शोरूम के पास तक खेतों से आने वाला बरसाती पानी लगातार मुख्य सड़क पर बहता रहा, जिससे पूरे दिन यातायात प्रभावित रहा। सबसे ज्यादा पैदल चलने वालों को दूसरी वाहनों के आवागमन के दौरान पानी का छिंटा पड़ने की आशंका को लेकर सड़क को छोड़ किनारे से आवाजाही करने को मजबूर रहे, वहीं दो पहिया वाहन चालक भी बड़े वाहनों के आवाजी के दौरान पड़ने वाले पानी के छिंटे से बचते हुए वाहन चलाते आवाजाही करते रहे।

### कन्या छात्रावास तक पहुंचा पानी

संजयनगर पेट्रोल पंप के पीछे संचालित अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास भी जलभराव की चपेट में आ गया। सोमवार सुबह छात्रावास के मुख्य प्रवेश द्वार तक पानी बहता रहा, जिससे छात्राओं को बारिश के पानी के बीच से होकर विद्यालय के लिए निकलना पड़ा। हर वर्ष बारिश में यह स्थिति बनती है, लेकिन अब तक स्थायी जल निकासी की व्यवस्था नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग से जल्द प्रभावी समाधान की मांग की है। कुछ लोगों ने बताया कि इस तरह की समस्या प्रतिवर्ष बरसात के दिनों में होती है इसके बावजूद जल निकाली की उचित व्यवस्था अब तक नही बनाई जा सकी, नतीजा प्रतिवर्ष बरसात में उक्त छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को बरसात के दिनों में छात्रावास से अपने अपने विद्यालय आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ती है।

### लाखों की नाली बनी, लेकिन समस्या जस की तस

स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले नाली नहीं होने के कारण हर बारिश में सड़क पर पानी भर जाता था। इसी समस्या के समाधान के लिए लाखों रुपए की लागत से सड़क किनारे नाली का निर्माण कराया गया, लेकिन निर्माण के बाद भी हालात नहीं बदले। बारिश का पानी नाली में जाने के बजाय सीधे सड़क पर बह रहा है। लोगों का आरोप है कि निर्माण के दौरान ही नाली की ऊंचाई और ढलान को लेकर सवाल उठाए गए थे, लेकिन उन्हें नजर अंदाज कर दिया गया। नतीजा यह है कि हर बारिश में वही पुरानी समस्या सामने आ रही है।

# बरसात में नाली निर्माण बना परेशानी का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- छिंदडॉड सरकारी कॉलोनी के रहवासी हलाकान

बरसात के मौसम में शुरू किया गया नाली निर्माण कार्य छिंदडॉड स्थित सरकारी आवासीय कॉलोनी के रहवासियों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। निर्माण कार्य के चलते कॉलोनी की गलियों में जगह-जगह खोदे गए गड्ढों से वाहन चालकों के साथ ही पैदल चलने वाले लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

बारिश के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से आवागमन और अधिक मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत तलवापारा अंतर्गत छिंदडॉड में सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बनी आवासीय कॉलोनी में डीएमएफ मद से नाली निर्माण कराया जा रहा है। 440 मीटर लंबी नाली के निर्माण के लिए 22 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। बताया जा रहा है कि इस कार्य को वर्ष 2025 में ही स्वीकृति मिल गई थी, लेकिन उस समय केवल लेआउट तैयार करने के बाद काम आगे नहीं बढ़ सका। इसके बाद कार्य की गति शुरू होने से पहले ही करीब 40 प्रतिशत राशि आहरित किए जाने की बात सामने आ रही है। वहीं वर्ष 2026 में बारिश शुरू होने के बाद नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ किया गया। नाली निर्माण की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत तलवापारा को दी गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पंचायत की लापरवाही के कारण समय पर कार्य शुरू नहीं हो सका, जिसका खामियाजा अब बारिश के दौरान कॉलोनी के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है।

### जेसीबी से खुदाई के कारण पाइप लाइन क्षतिग्रस्त

रहवासियों का कहना है कि नाली निर्माण के लिए जेसीबी मशीन से खुदाई कराई गई, जिसके कारण कई स्थानों पर पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई।

### बारिश के बाद छाया घना कोहरा...



**बैकुण्ठपुर।** मानसूनी सीजन में कई दिनों की बारिश के बाद बैकुण्ठपुर सोनहत मार्ग पर शिवघाट एवं उपरी हिस्से में सोमवार को घना कोहरा देखने को मिला। घाटी के उपरी क्षेत्र के कई गांव इस दिन सुबह से ही कोहरे के आगोश में घंटों ढंके रहे।

# स्कूल परिसर में पलटा पाठ्यपुस्तकों से भरा ट्रक

- चालक-खलासी ने कूदकर बचाई जान

**नागपुर।** अंबिकापुर स्थित स्कूली पुस्तक डिपो से छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम द्वारा भरतपुर एवं मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के शासकीय स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक की पाठ्यपुस्तकों के वितरण के लिए भेजा गया ट्रक सोमवार करीब 3:00 बजे लाई स्कूल परिसर में हादसे का शिकार हो गया।

जानकारी के अनुसार, ट्रक चालक स्कूल परिसर में पुस्तक वितरण के लिए वाहन को अंदर ले जा रहा था। इसी दौरान मोड़ लेते समय ट्रक का ब्रेक फेल हो गया, जिससे चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। अनियंत्रित ट्रक नेशनल हाईवे-43 के किनारे स्थित खेत की ओर फिसलते हुए पलट गया। घटना की सूचना मिलते ही स्कूल संकुल लाई-नागपुर के समन्वयक दुर्गा प्रसाद जायसवाल ने तत्काल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया। अधिकारियों के निर्देश पर ट्रक में लदी सभी पाठ्यपुस्तकों को सुरक्षित बाहर निकलवाकर लाई स्कूल में रखवा दिया गया, ताकि वितरण कार्य प्रभावित न हो। हादसे के दौरान चालक और खलासी ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते ट्रक से छलांग लगा दी, जिससे दोनों सुरक्षित बच गए। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुस्तकों को भी सुरक्षित बचा लिया गया है।



### संकुल समन्वयक ने दिखाई तत्परता

जिस वक्त ट्रक खेत में पलटी उस वक्त बारिश हो रही थी और पूरी पुस्तकें पानी से भींगने जैसी स्थिति निर्मित हो गई थी ,किंतु तत्काल एहतिहाती उपाए करते हुए संकुल समन्वयक की तत्परता से लाखों रुपए के पुस्तकें ट्रैक्टर ट्राली में लोड करवा कर सुरक्षित लाई संकुल परिसर में रखवाया गया। एमसीबी जिले के जिला शिक्षा अधिकारी रविकांत यादव एवं बीईओ विपिन कुमार पांडे द्वारा लाखों रुपए के पुस्तक सुरक्षित करने में संकुल समन्वयक दुर्गा प्रसाद की तत्परता की प्रशंसा की गई है।

# नए जिला पंचायत सीईओ योगेन्द्र ने संभाला पदभार



- जनहितकारी योजनाओं की रफ्तार बढ़ाना पहली प्राथमिकता

**बैकुण्ठपुर।** जिला पंचायत कोरिया के नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) योगेंद्र श्रीवास ने सोमवार को पदभार ग्रहण करते ही जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया।

उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति तथा विभागीय दायित्वों की विस्तृत जानकारी ली। इसके पहले नव पदस्थ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास ने कलेक्टर रोक्तिमा यादव से मुलाकात की। नव पदस्थ सीईओ ने विशेष रूप से विकसित भारत जीरामजी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी-कर्मचारी पूरी गंभीरता और समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। सीईओ योगेन्द्र राज्य प्रशासनिक सेवा के 2016 बैच के अधिकारी हैं। वे जशपुर, बलौदाबाजार सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व निभा चुके हैं। कोरिया जिले में पदस्थापना से पूर्व वे मार्कफेड में पदस्थ थे। उनके प्रशासनिक अनुभव से जिले में ग्रामीण विकास योजनाओं के क्रियान्वयन को नई गति मिलने की उम्मीद है।

### कानूनी अधिकारों की दी गई विस्तृत जानकारी

**मनेन्द्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर आयोजित करियर काउंसलिंग श्रृंखला का अंतिम दिवस आज शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, झगराखांड में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं को शिक्षा, करियर, कौशल विकास, आत्मनिर्भरता तथा जीवन में उपलब्ध अवसरों के प्रति जागरूक करना था।

### मवेशियों को सड़कों पर खुला न छोड़ें

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती यादव ने जिले के सभी ग्रामीणों एवं पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने मवेशियों को सड़कों, चौक-चौराहों तथा अन्य सार्वजनिक स्थानों पर खुला न छोड़ें। उन्होंने कहा कि आवारा विचरण करने वाले मवेशियों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है, जिससे आम नागरिकों के साथ-साथ पशुधन की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती है। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक पशुपालक अपने मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर रखे तथा उनकी देखरेख की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने नागरिकों से भी इस जनहितकारी अभियान में सक्रिय सहयोग करने और सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का साथ देने की अपील की। 16 जुलाई को आयोजित जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुरूप जिले में घुमंतू मवेशियों के सुरक्षित विस्थापन के लिए कार्ययोजना तैयार की गई है। इसके तहत जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों, पशुधन विकास विभाग, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्ग प्राधिकरण तथा राजस्व विभाग को समन्वित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के माध्यम से घुमंतू पशुओं को चिन्हित गौधामों तक पहुंचाया जाएगा। गौधामों में फेंसिंग, शेड की मरम्मत, पेयजल एवं विद्युत जैसी मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी तथा पैरादान के माध्यम से चारे की व्यवस्था के लिए जनसहभागिता बढ़ाई जाएगी।

# विवेचना की गुणवत्ता सुधारने पुलिस का सेमिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



न्यायालयों में अपराधों के प्रभावी अभियोजन और दोषमुक्ति की बढ़ती चुनौतियों को देखते हुए जिला पुलिस एमसीबी द्वारा विवेचना की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में 18 जुलाई को ?विवेचना सुधार एवं न्यायालयीन दोषमुक्ति? विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा (आईपीएस) तथा पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह (आईपीएस) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक भी उपस्थित रहे। सेमिनार का उद्देश्य विवेचना के दौरान होने वाली सामान्य त्रुटियों को चिन्हित कर उन्हें दूर करना तथा अनुसंधान की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी बनाना था। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ कानूनविदों, जिला लोक अभियोजन अधिकारी, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजकों एवं सहायक शासकीय अधिवक्ताओं ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) सहित विभिन्न विशेष अधिनियमों से जुड़े प्रकरणों की विवेचना पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

विशेषज्ञों ने बताया कि विवेचना के दौरान साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन, दस्तावेजों का विधिसम्मत संधारण, गवाहों के बयान, इलेक्ट्रॉनिक एवं भौतिक साक्ष्यों का सही प्रस्तुतिकरण तथा समयबद्ध अनुसंधान न्यायालय में अभियोजन को मजबूत बनाने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विवेचना में होने वाली छोटी-छोटी कानूनी त्रुटियों से बचने और प्रत्येक प्रकरण में गुणवत्ता आधारित अनुसंधान सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। सेमिनार में जिले के थाना एवं चौकी प्रभारियों के साथ विभिन्न थानों से आए उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक एवं प्रधान आरक्षक स्तर के विवेचकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान अधिकारियों ने विवेचना से जुड़े कानूनी एवं व्यावहारिक विषयों पर विशेषज्ञों से प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कानूनविदों ने वास्तविक मामलों के उदाहरणों के माध्यम से विवेचना की बारीकियों को समझाया और न्यायालयीन प्रक्रिया में आने वाली चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उपाय बताए। कार्यक्रम में जिला लोक अभियोजन अधिकारी बैकुण्ठपुर एच.के. पाण्डेय, अतिरिक्त जिला लोक अभियोजक प्रमोद केरकेट्टा (मनेंद्रगढ़), सौरभ समाया (जनकपुर), फकीर चंद (बैकुण्ठपुर), जितेन्द्र कुमार (मनेंद्रगढ़), सहायक शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास (मनेंद्रगढ़), कैलाश विश्वकर्मा (चिरमिरी) तथा विशेष सहायक शासकीय अधिवक्ता (पॉक्सो) घनश्याम राय ने विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार रखे।

### माशा लटमा का बीईओ ने किया निरीक्षण



**बैकुण्ठपुर।** जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लटमा में सोमवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकास खंड स्त्रोत समन्वयक के द्वारा औच्चक निरीक्षण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लटमा में सोमवार को बीईओं सोनहत अरविंद सिंह तथा विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एरोन बखला द्वारा दोपहर के समय औच्चक निरीक्षण किया गया। इस दौरान अधिकारीद्वय द्वारा कक्षाओं में पहुँच छात्र छात्राओं से सवाल पूछे गए और मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। उक्त अधिकारियों द्वारा सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली और सवाल भी पूछे गए। साथ ही अधिकारियो ने विभागी की विभिन्न गतिविधियों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली गई।

कोरिया के 23 वें एसपी हरीश राठौर से हरिभूमि की खास बातचीत

# जनता का भरोसा जीतेंगे, अपराधियों में रहेगा पुलिस का खौफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के 23वें पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार संभालने वाले हरीश राठौर ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जिले में अपराध और अवैध कारोबार के लिए कोई जगह नहीं होगी। वहीं आम जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान, संवेदनशील पुलिसिंग और कम्युनिटी पुलिसिंग को नई दिशा देना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। सोमवार को हरिभूमि से विशेष बातचीत में एसपी श्री राठौर ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता मजबूत करना उनकी पहली प्राथमिकता है। जिले के सभी थानों में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाएगा और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि कोई भी व्यक्ति निराश होकर वापस न लौटे। इसके लिए उन्होंने चरचा, सोनहत आदि थानों का निरीक्षण भी किया है। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध शराब, नशे के कारोबार, जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार और सख्त कार्रवाई की जाएगी। कानून का उल्लंघन करने वालों में पुलिस का खौफ रहेगा, जबकि आम नागरिक पुलिस को अपना सहयोगी महसूस करेंगे। भ्रमण के दौरान बेहतर पुलिसिंग के लिए सबसे पहले जिले की स्थिति का फीडबैक लिया जा रहा है। इसके आधार पर प्रभावी रणनीति तैयार कर कम्युनिटी पुलिसिंग को और मजबूत किया जाएगा। पुलिस की मौजूदगी आमजन के बीच और अधिक सक्रिय तथा भरोसेमंद होगी।



### अनुभव का मिलेगा जिले को लाभ

एसपी हरीश राठौर इससे पहले मुख्यमंत्री सुरक्षा (सीएम सिक्योरिटी) रायपुर में पदस्थ रहे हैं। वे राज्य के कबीरधाम, बालोद, सूरजपुर, रायगढ़, सुकमा और बलौदाबाजार जैसे जिलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के क्षेत्र में उनके अनुभव का लाभ अब कोरिया जिले को मिलेगा।

### जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव

साइबर अपराध को लेकर एसपी श्री राठौर ने कहा कि डिजिटल ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर रुपए मांगना, ऑनलाइन निवेश और लॉटरी के नाम पर ठगी जैसी घटनाओं से बचने के लिए लोगों को सतर्क रहना होगा। पुलिस कार्रवाई करती है, लेकिन जागरूकता ही सबसे प्रभावी सुरक्षा है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अपराध या अवैध कारोबार की सूचना बिना किसी डर के पुलिस को दें। सूचना देने वालों की गोपनीयता बनाए रखते हुए त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# अलंग स्मृति सम्मान समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की अनूठी परंपरा के तहत लज्या अशोक कुमार अलंग स्मृति सम्मान समारोह 2026 का आयोजन 22 जुलाई, बुधवार को दोपहर 12 बजे से शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष यह सम्मान समारोह अपने दसवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

समारोह के अंतर्गत प्रतिवर्ष बैकुंठपुर के दो प्रमुख शासकीय विद्यालयों—शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय—के बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाता है। आयोजन प्रतिवर्ष एकांतर क्रम में दोनों विद्यालयों में संपन्न होता है। इस वर्ष मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया जाएगा। यह सम्मान समारोह वरिष्ठ प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी एवं पूर्व कमिश्नर डॉ. संजय अलंग द्वारा अपने पूज्य माता-पिता स्वर्गीय लज्या अलंग एवं स्वर्गीय अशोक कुमार अलंग की पावन स्मृति में आयोजित कराया जाता है।

स्वर्गीय लज्या अलंग ने शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में तथा स्वर्गीय अशोक कुमार अलंग ने शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में लंबे समय तक शिक्षकीय सेवाएं प्रदान कीं। दोनों ही शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित रहे और उन्होंने अनेक विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ. संजय अलंग की प्रारंभिक शिक्षा भी बैकुंठपुर में ही हुई, जिससे उनका इस नगर और यहाँ की शैक्षणिक परंपरा से विशेष जुड़ाव रहा है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव आज, कैबिनेट मंत्री होंगे शामिल

अम्बिकापुर। समग्र शिक्षा (शिक्षा विभाग), जिला सरगुजा द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 21 जुलाई को दोपहर 12 बजे से पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद चिंतामणि महाराज करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज, विधायक सीतापुर रामकुमार टोप्पो, गृह निर्माण मंडल छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के अध्यक्ष राम किशुन सिंह, जिपं सरगुजा की अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, ननि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, जिपं सरगुजा के उपाध्यक्ष देवनारायण यादव तथा ननि सभापति हरमिन्दर सिंह टिन्नी उपस्थित रहेंगे।

### नपं बिश्रामपुर के तीन दर्जन से अधिक कब्जाधारियों को बेदखली नोटिस जारी

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिश्रामपुर-करंजी रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। रेलवे प्रशासन ने नगर पंचायत बिश्रामपुर के वार्ड क्रमांक 15 स्थित झुग्गी बस्ती क्षेत्र में रेलवे की जमीन पर कच्चे-पक्के मकान बनाकर रह रहे तीन दर्जन से अधिक कब्जाधारियों को नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए हैं। सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ), बैकुंठपुर द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अवधि में कब्जा नहीं हटाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार संबंधित भूमि रेलवे की संपत्ति है, जिस पर वर्षों से अवैध रूप से कब्जा कर मकान और अन्य निर्माण कर लिए गए हैं। जानकारी के अनुसार जेएमक्यू कॉलोनी के पीछे स्थित रेलवे और एसईसीएल की खाली पड़ी भूमि पर कई लोगों ने स्थायी और अस्थायी आवास बना लिए हैं। अंबिकापुर-अनूपपुर रेल लाइन के दोनों ओर बड़ी संख्या में मकान बनने से सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। रेल पटरी से सटे निर्माण के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों के घरों से निकलने वाले खाद्य अवशेष और कचरे के कारण मवेशी अक्सर रेल पटरी तक पहुंच जाते हैं, जिससे कई बार ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौत हो चुकी है। इसके अलावा रेलवे द्वारा पूर्व में प्रस्तावित सुरक्षा दीवार का निर्माण भी अतिक्रमण के चलते शुरू नहीं हो सका था। रेलवे प्रबंधन अब सुरक्षा और भविष्य की विकास योजनाओं को ध्यान में रखते हुए अतिक्रमण हटाने के लिए सख्त रुख अपनाए हुए है। वहीं नोटिस जारी होने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने रेलवे अधिकारियों से बरसात का मौसम समाप्त होने तक कार्रवाई स्थगित रखने और प्रभावित परिवारों को अतिरिक्त समय देने की मांग की है।

### छात्रों के समर्थन में घड़ी चौक पर किया विरोध प्रदर्शन




**अम्बिकापुर।** नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर पेपर लीक और शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही की मांग लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के समर्थन में घड़ी चौक पर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बार-बार होने वाले पेपर लीक से लाखों मेहनती विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। देश के प्रत्येक छात्र को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा व्यवस्था का अधिकार है। प्रदर्शनकारियों ने परीक्ष प्रणाली में हुई चूक की निष्पक्ष जांच, दोषियों एवं संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा उनपर सख्त कार्रवाई करने एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री से नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पेपरलीक की घटनाओं से छात्रों में मानसिक तनाव और निराशा बढ़ रही है ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने, दोषियों को कड़ी सजा दिलाने तथा छात्रों का शिक्षा व्यवस्था पर विश्वास बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाने का आह्वान किया। इस दौरान कौशल्या सिंह, हाफिज खान, सुधीर तिवारी, अनन्त सिन्हा, रघुनाथ प्रधान, प्रवीण सिंह, संतोष राणा, प्रीतपाल सिंह, चरणप्रीत सिंह आदि उपस्थित थे।

पानी निकासी का नहीं साधन

# मूसलाधार बारिश से डबरी बना पंचायत भवन, कामकाज हो रहा प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना



पंचायत भवन परिसर में भरा बारिश का पानी।

क्षेत्र में पिछले कुछ दिन से हुई भारी बारिश से ग्राम पंचायत सलका स्थित पंचायत डबरी बन गया है। हैरानी की बात तो यह है कि बारिश होने के बाद हर साल ऐसी स्थिति निर्मित होती है बावजूद इसके आज तक पानी निकासी के लिए कोई पहल नहीं की गई है। आलम यह है कि बारिश के बाद परिसर पानी से लबालब है तो वहीं पंचायत भवन में पानी व कीचड़ भर जाने से बैठने तक की जगह नहीं है। ऐसे पंचायत भवन में आयोजित आयुष्मान शिविर को भी रद्द करना पड़ा। इधर पंचायत भवन में पानी भर जाने तथा पानी निकासी के साधन नहीं होने पर सरपंच ने भवन में ताला जड़ दिया है। सरपंच ने चेतावनी दी है कि प्रशासन कोई ठोस निर्णय नहीं लेगा तब तक पंचायत भवन में ताला जड़ा रहेगा।

**खास बात**

- परिसर सहित कक्ष में भरा पानी, आयुष्मान शिविर रद्द

ग्राम पंचायत के लोगों का कहना है कि पंचायत भवन के सामने सीसी रोड बनने के बाद अगल-बगल के लोगों ने पानी का बहाव सीधे पंचायत भवन की ओर मोड़ दिया। ऐसे में बारिश होते ही पूरा पंचायत भवन जल मग्न हो गया है, सलका पंचायत भवन की दुर्दशा देखकर लगता है कि पंचायत भवन नहीं बल्कि डबरी है, पूरे परिसर में कीचड़,मलवा और गंदगी का आलम है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत देश की रीढ़ की हड्डी है अगर रीढ़ में ही पानी भर जाए तो पूरे गांव का विकास का पहिया जाम हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि अभी बारिश का मौसम है अगर 15 दिवस के भीतर पानी निकासी के साधन और सफाई नहीं हुई तो सरकार की योजनाएं एक दो माह पीछे चली जाएगी। रूम के अंदर गंदा पानी,मलबा और कूड़ा - करकट भर जाने के कारण ग्रामीण, पंच एवं कर्मचारी के लिए बैठने की जगह नहीं है जिससे पंचायत के सभी काम ठप पड़ गए हैं। पंचायत भवन के सामने दो ठेला अवैध रूप से रखा हुआ है जिससे वहा गंदगी पसरा रहता है, ठेला की वजह से पंचायत भवन का सुंदरता खराब हो गया है।

### पंचायत कार्य प्रभावित

पंचायत भवन में पानी भरने से आवास, पेंशन, जीरामजी, आयुष्मान कार्ड, जाति-निवास प्रमाण पत्र के साथ अब आयुष्मान कार्ड भी नहीं बन पा रहे हैं। कंप्यूटर, रिकॉर्ड और सरकारी फाइलें भीगने का खतरा बना हुआ है। ऐसे में पंचायत के कार्य प्रभावित हो रहे है। पंचायत भवन में पानी भरने से ऐसी स्थिति निर्मित हुई है।

### सरपंच ने भवन पर जड़ा ताला

पंचायत भवन में पानी भर जाने से सरपंच शिव कुमार अगरिया ने भवन में ताला जड़ दिया है। सरपंच का कहना है कि पंचायत भवन के आसपास के घरों के लोग पानी निकासी पंचायत भवन की ओर किए है जिससे बारिश का पानी सीधे पंचायत भवन परिसर में पहुंचता है। सरपंच शिवकुमार अगरिया ने कहा जो लोग पानी का बहाव पंचायत में डाल रहे हैं उनके खिलाफ थाने में शिकायत करूंगा। पंचायत भवन का सीमांकन हो जाए तो कई दबंगों का घर टूट जाएगा। इसके लिए मुझे भूख हड़ताल करना पड़े तो तैयार हूं। सरपंच ने कलेक्टर और जनपद सीईओ से मांग किया है कि तत्काल जल निकासी और सफाई की व्यवस्था की जाए,ताकि पंचायत का कार्य सुचारू रूप से शुरू हो सके।

### पंचायत को है अधिकार

पंचायत को नाली निर्माण और सीमांकन कराने का अधिकार है। पंचायत अपने अधिकार का उपयोग करे। दोषियों पर एफआईआर दर्ज कराएं। नया पंचायत भवन यथाशीघ्र मिल जाएगा।

-विनय कुमार गुप्ता, सीईओ, जपं भैयाथान

## ग्राम करंजी में पेड़ काटने पर पंचायत वसूलेगी पांच हजार रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्राम करंजी ने एक महत्वपूर्ण और सख्त निर्णय लिया है। रविवार को पंचायत भवन में आयोजित ग्राम सभा की बैठक में शासकीय भूमि पर लगे पेड़-पौधों की अवैध कटाई रोकने के लिए सर्वसम्मति से पंचनामा पारित किया गया।

- सूचना देने वाले को प्रदान किया जाएगा एक हजार रुपए
- ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया निर्णय

ग्राम सभा में ग्रामीणों ने शिकायत की कि पंचायत क्षेत्र में कुछ लोगों द्वारा सरकारी भूमि पर लगे पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही है। साथ ही बकरियों के चारे के लिए पेड़ों की डालियां (डंगाल) काटे जाने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्राम सभा ने निर्णय लिया कि शासकीय भूमि पर लगे किसी भी पेड़ की कटाई अथवा चारे के लिए उसकी डालियां काटते पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति से 5,000 का जुर्माना वसूला जाएगा। ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पंचायत ने एक और अहम फैसला लिया है। इसके तहत अवैध पेड़ कटाई की सूचना देने वाले व्यक्ति को 1,000 का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा। पंचायत का मानना है कि इस व्यवस्था से लोग पर्यावरण संरक्षण के प्रति अधिक जागरूक होंगे और अवैध कटाई पर प्रभावी रोक लग सकेगी। ग्राम सभा में पारित इस निर्णय का पंचनामा सरपंच, सचिव एवं उपस्थित ग्रामीणों के हस्ताक्षर के साथ तैयार किया गया। पंचायत के इस कदम को क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और जनभागीदारी को बढ़ावा देने वाली सराहनीय पहल माना जा रहा है।ग्राम पंचायत करंजी का यह निर्णय अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और पर्यावरण संरक्षण के प्रति ग्रामीणों की बढ़ती जागरूकता का उदाहरण माना जा रहा है।




## डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु में नए शैक्षणिक सत्र के लिए बाल कैबिनेट का गठन कर शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा एवं समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में चयनित छात्र-छात्राओं को पद, गरिमा और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई।

- विद्यार्थियों ने ली नेतृत्व की शपथ

विद्यालय के शाला नायक के रूप में कक्षा 12वीं के अमन कुमार सोनी तथा शाला नायिका के रूप में सौम्या शांडिल्य का चयन किया गया। वहीं प्रार्थना, सांस्कृतिक, खेल एवं अनुशासन सहित विभिन्न विभागों के लिए भी छात्र-छात्राओं को कैप्टन नियुक्त कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। सेवा, शक्ति, शांति और स्मृति हाउस के कैप्टनों की भी घोषणा की गई। इसके अलावा कक्षा तीसरी से बारहवीं तक प्रत्येक कक्षा के लिए कक्षा नायक एवं कक्षा नायिका का चयन किया गया, जिन्होंने अपने दायित्वों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाने का संकल्प लिया। चयनित विद्यार्थियों ने शपथ ग्रहण के बाद विद्यालय में अनुशासन, नेतृत्व और सकारात्मक वातावरण बनाए रखने का विश्वास दिलाया। समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य आशुतोष झा ने कहा कि बाल कैबिनेट विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, जिम्मेदारी और टीम भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, अनुशासन का पालन करने तथा विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

## बरसात का पानी वार्डवासियों के लिए बना मुसीबत
## निकासी नहीं होने से घर गिरने की कगार पर





हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

लगातार हुई बारिश ने वार्ड क्रमांक 1 गोपालपुर वार्ड वासियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। पानी निकासी के साधन नहीं होने से सड़क की हालत दयनीय हो गई है वहीं जलभराव होने से आवागमन दूभर हो गया है। हैरानी की बात तो यह है कि वार्डवासी सड़क मरम्मत व पानी निकासी की मांग लंबे समय से कर रहे है बावजूद आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं की गई। आलम यह है कि वार्ड के लोग गंदा पानी के बीच आवागमन करने को मजबूर है।

सूरजपुर के वार्ड क्रमांक 1 गोपालपुर की स्थिति बारिश के बाद से और भी दयनीय हो गई। वार्ड में मरम्मत के अभाव और बारिश से सड़क जर्जर हो चुकी है। ऐसे में वार्ड के लोगों को हर मौसम में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हल्की सी बारिश होते ही पानी निकासी के साधन नहीं होने से सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। जगह-जगह गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो जाता है। ऐसे में स्कूल पढ़ने जाने वाले छात्र-छात्राओं को परेशानी होती ही है साथ ही वार्ड के लोगों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वार्ड वासियों ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से लगातार हो रही बारिश से सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। ऐसे में बाहर जाने तथा आने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वार्डवासियों का कहना है कि वार्ड पार्षद दूसरे वार्ड में रहते है जिससे उन्हें वार्ड की परेशानी नजर नहीं आता। कई बार पार्षद से जलभराव होने तथा पानी निकासी की व्यवस्था करने कहा गया है लेकिन ध्यान नहीं दिया गया जिसका खामियाजा वार्ड के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

### कई बार करा चुके है अवगत

गोपालपुर वार्ड पार्षद ललिता अजय सिंह का कहना है कि कई बार मुख्य नगर पालिका अधिकारी और इंजीनियर को वार्ड में जलभराव से हो रही परेशानी को लेकर अवगत कराया गया है लेकिन आज तक किसी प्रकार की पहल नहीं हो सकी है।

### अधूरे कार्य जल्द कराएंगे पूरा

नगरपालिका क्षेत्र में जितना कार्य स्वीकृत हुआ था उतना कार्य हो गया है। अधूरे कार्य को जल्द पूरा कराया जाएगा।

-मनीष गायकवाड, मुख्य नगरपालिका अधिकारी

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र.- ..../20(1)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका रेखा सिंह चंदेल आ./पति विष्णु प्रताप सिंह चंदेल जाति, निवासी कैलाश मोड़ शीतला वार्ड अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-शीतला वार्ड, शीट नम्बर-9 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 3389/8 रकबा 1306.8 वर्गफीट भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-28.07.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 13.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**

क्रमांक/1493/वि.विवाह अधि./वाचक/2026 बलरामपुर, दिनांक 09/07/2026

फार्म-अ

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि वर पक्ष वर पक्ष विकास कुमार एक्का पिता श्री विजय कुमार एक्का उम्र 33 वर्ष, जाति उरांव निवासी ग्राम हाउस नं. 326, ओंकरा रोड पंप हाउस के पास खुटनपारा, राजपुर थाना व तहसील राजपुर जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) एवं वधु पक्ष सुशीला कुजूर पिता श्री जगमोहन कुजूर उम्र 32 वर्ष, जाति उरांव निवासी ग्राम लाधी थाना व तहसील शंकरगढ़, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.) के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के अन्तर्गत अपने विवाह के अनुष्ठापित किये जाने हेतु आशयित विवाह की सूचना उक्त अधिनियम के द्वितीय अनुसूचि में प्रस्तुत किया है। जो संलग्न है। इस अनुष्ठापित होने वाले विशेष विवाह के सबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो इस उद्घोषणा के प्रकाशन से 30 दिवस के अन्दर अर्थात दिनांक 09.08.2026 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी।
(सुनवाई दिनांक 09.08.2026)

**अपर कलेक्टर**
**एवं विशेष विवाह अधिकारी**
**बलरामपुर रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, संजय जायसवाल आ.स्व.सीता राम जायसवाल उम्र-39 वर्ष, निवासी वार्ड नम्बर 37 महामाया वार्ड पोस्ट अम्बिकापुर, थाना एवं तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) का स्थायी निवासी हूं। मैं अपने नाबालिग पुत्र शवशांक जायसवाल (SHAWSHANK JAISWAL) से बदलकर शंशाक जायसवाल (SHASHANK JAISWAL) करवाना चाहता हूँ। जिसका आधार नं.-994007055034 है। मैं अपने पुत्र का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। मेरी पत्नी चांदनी जायसवाल को हमारे नाबालिग पुत्र का नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशो हवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं तथा सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

**भवदीय**
**संजय जायसवाल**
**आ.स्व.सीता राम जायसवाल**
निवासी- वार्ड नम्बर 37 महामाया वार्ड पोस्ट अम्बिकापुर, थाना एवं तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**

रा.प्र.क्र.- ..../20(1)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मो. एजाज रसुल आ./पति कयुम जाति मुसलमान, निवासी पर्राडांड़, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-पर्राडांड़, शीट नम्बर-8 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2484/6 रकबा 0.04 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.3.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-28.07.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांकः- 13.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (Obstetrics & Gynaecology) Laparoscopic Surgeon

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING • DEEMED COLLEGE • COUNSELLING • STATE PVT./ GOVT. COLLEGES • FORM FILLUP ASSISTANCE • LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी • किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज • प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज • यौन संबंधी समस्याएं • महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### जीआरए इंटरनेशनल स्कूल में मंत्री ने किया पौधरोपण

**लखनपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में सोमवार को जीआरए इंटरनेशनल स्कूल लखनपुर में वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल, रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष बाबूलाल गोयल शामिल हुए और स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन और स्कूल प्रबंधन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की जिला इकाई द्वारा किया गया जिसमें जिला अध्यक्ष अजीत अग्रवाल एवं महामंत्री कृष्ण कुमार गर्ग द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया। आभार प्रदर्शन स्कूल के प्राचार्य ने किया। इस दौरान अरविंद सिंघानिया, श्रीनिवास केडिया, राम प्रताप अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, हरविंद अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, कृष्ण कुमार, मुकेश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, अमित अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, दिनेश गोयल, नितिन अग्रवाल, प्रमोद सहित अन्य मौजूद थे।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



**राजपुर।** सेंट जेवियर्स स्कूल एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाना तथा प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के ईको क्लब एवं स्वच्छ भारत समिति के संयुक्त तत्वावधान में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रेरणादायक एवं मनमोहक नाटक प्रस्तुत किया। इसके बाद विद्यालय के प्राचार्य सिलास टोप्पो ने विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का आधार हैं। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लेने की बात कही। विद्यार्थियों ने एक पेड़ माँ के नाम के नारों के साथ अपनी माताओं और मातृभूमि के प्रति समर्पण व्यक्त करते हुए विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इस दौरान जेवियर हाउस, लोयोला हाउस, कोस्तका हाउस और गोंजागा हाउस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य सिलास टोप्पो, कोषाध्यक्ष आदेश लकड़ा, उपप्राचार्य अमोल कुमार, प्रधान पाठिका प्रभा टोप्पो, अजय कुजूर, अंजेला मिंज, नीलम एक्का, जगत सिंह, अर्चना खाखा, खुशबू चौबे सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

## पेज 1 के शेष...

### सरगुजा पुलिस व साइबर सेल...

रहे एवं दुसरो को भी सचेत करें, मोबाइल में हर किसी कि कई गोपनीय जानकारी एवं महत्वपूर्ण जानकारी रहती है, जो मोबाइल गुमने पर उस जानकारियों का गलत एवं मनमाना तरीके से उपयोग कर साइबर ठगी जैसी घटनाये कारित की जाती है, इस दौरान डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा द्वारा पुलिस की वर्ड की जानकारी देकर लोगो को साइबर ठगी से बचने के तरीके एवं तत्काल की जाने वाली गतिविधि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। लोगों को पासवर्ड का महत्व समझने, किसी को ओटीपी साझा नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, अपना पहचान पत्र आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड पैन कार्ड जैसी निजी एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज संभाल कर रखने, साइबर अपराध से बचाव, ठगी के शिकर होने पर तत्काल शिकायत करने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम के दौरान नागरिकों से अपील कर राहवीर योजना की जानकारी दी गई, जिसमे एक्सीडेंट होने पर हॉस्पिटल पहुंचाने वाले व्यक्ति को शासन द्वारा 25 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इस दौरान एसडीओपी तुल सिंह पट्टावी, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शशिकान्त सिन्हा, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, आरक्षक अनुज जायसवाल, अमित विश्वकर्मा, रिंकू गुप्ता, अशोक यादव उपस्थित रहे।

## चेकपोस्ट के रास्ते बाइक से अवैध चिरान का परिवहन

# टाइगर रिजर्व क्षेत्र में बढ़ी लकड़ी तस्करों की सक्रियता, बेखौफ कर रहे तस्करी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

बरसात शुरू होने के साथ ही गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व के महुली परिक्षेत्र में लकड़ी तस्करों की सक्रियता बढ़ गई है।

**खास बात**

- अवैध कटाई एवं परिवहन रोकने नहीं हो रही पहल

लकड़ी तस्करी की रोकथाम के लिए सीमा पर लगाए गए चेकपोस्ट मकरादुआरी के रास्ते ही तस्कर बेखौफ होकर बाइक से साल सिल्ली की नियमित तस्करी कर रहे हैं।

लम्बे अर्से से चल रही लकड़ी तस्करी की जानकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को भी है इसके बावजूद अधिकारी तस्करी रोकने की पहल नहीं कर रहे हैं। कभी घने जंगलों एवं हिंसक वन्य जीवों के लिए विख्यात दूरस्थ चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के जंगल तेजी से वीरान हो रहे हैं। अवैध अतिक्रमण एवं बेखौफ चल रही अवैध कटाई से सामान्य जंगलों का क्षेत्र तेजी से सिमट रहा है वहीं गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व अंतर्गत महुली परिक्षेत्र में भी अवैध कटाई जोरों पर है। गुरूघासीदास नेशनल पार्क के टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद पेड़ों की अवैध कटाई पर रोक लगने की उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद तस्करों की सक्रियता अधिक बढ़ गई है। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिला की सीमा से सटा होने के कारण तस्कर भोर होते ही सक्रिय हो जाते हैं तथा बाइक पर जंगल में टांगी से तैयार चौखट का धड़ल्ले से अवैध परिवहन कर रहे हैं। लकड़ी तस्करी को सीमावर्ती सिंगरौली जिले के साथ ही दर्जनों स्थानीय ग्रामीणों एवं दलालों ने अपना स्थायी रोजगार बना लिया है। टाइगर रिजर्व में निवासरत ग्रामीण पेड़ों को काटकर जंगल में ही टांगी से चौखट तैयार करते हैं तथा दलाल ग्रामीणों द्वारा तैयार चौखट तस्करों को मुख्य मार्ग पर उपलब्ध कराते हैं जहां से तस्कर बाइक के सहारे मकरादुआरी बैरियर के रास्ते सिंगरौली तक परिवहन करते हैं। लकड़ी तस्करी बढ़ने के पीछे बैरियर पर वर्षों से स्थानीय प्रभारी एवं चौकीदारों की तैनाती को माना जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बैरियर पर तैनात प्रभारी एवं चौकीदार की तस्करों से सांठगांठ कर तस्करों को बढ़ावा दे रहे हैं।



मकरा दुआरी चेक पोस्ट के पास अवैध चिरान लोड तस्करों की बाइक।

### हर खेप में 14 हजार की कमाई

ग्रामीणों के अनुसार 10 वर्ष पूर्व तक कोई भी पार्क क्षेत्र में घुसने की हिम्मत नहीं करता था न ही पेड़ों की अवैध कटाई होती थी। सीमावर्ती सिंगरौली एवं यूपी में इमारती लकड़ी की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि होने के बाद तस्कर ग्रामीणों की मदद से साल व बीजा चिरान की तस्करी करने लगे। अधिक कमाई होने के कारण तस्करों की संख्या लगातार बढ़ते गई। अब एक सौ से अधिक युवा, ग्रामीण एवं दलाल सिंडिकेट बनाकर योजनाबद्ध तरीके से टाइगर रिजर्व के महुली जंगल से धड़ल्ले से चिरान की तस्करी कर रहे हैं। तस्करों के आगे पीछे बाइक सवार चलते हैं तथा आने-जाने वाले वाहनों सहित अन्य खतरों से आगाह करते रहते हैं। तस्कर विपरीत स्थिति निर्मित होने पर अधिकारियों से जूझने के लिए भी तैयार रहते हैं।

### इन रास्तों से लकड़ी तस्करी

ग्रामीण ग्राम कोल्हुआ, महुली, खोहिर, बैजनपाट, लुल्ह, मुण्डा, रामगढ़, उमझर के जंगल में टांगी से साल की एवं रसौकी जंगल में बीजा की 3 इंच मोटी व 9 इंच चौड़ी तथा 7 फीट लंबी सिल्ली तैयार करते हैं। तस्कर बैजनपाट के रास्ते मकरादुआरी चेकपोस्ट के रास्ते बाइक से सिंगरौली ले जाते हैं। बिचौलिए मकरादुआरी चेक पोस्ट पार कर चिरान पहुंचाते है। बैजनपाट से ग्रामीण कंधे पर ढोकर जंगल के रास्ते सीमावर्ती ग्राम धारी मुडी तक पहुंचाते है तथा तस्कर मौजूद रहते है। अवैध चिरान की तस्करी खैरा रोड, बलंगी चौपता घाट के रास्ते यूपी तक की जा रही है। तस्कर मध्य जून से मध्य मार्ग तक पूरी सक्रियता से लकड़ी तस्करी करते हैं। लकड़ी तस्करी रोकने शीघ्र कारगर पहल नहीं हुई तो भविष्य में तस्कर विभाग के लिए बड़ी समस्या बन सकते है।

### कराई जाएगी जांच

आपके माध्यम से अवैध लकड़ी तस्करी की सूचना मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी तथा दोषी कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-सौरभ सिंह ठाकुर
अधीक्षक, गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व



# बलरामपुर-राजपुर मुख्य मार्ग पर एक घंटे तक लगा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर-राजपुर मुख्य मार्ग पर सोमवार सुबह करीब 7 बजे महान नदी के पास निर्माणाधीन सड़क में लंबा जाम लग गया। जाम के चलते सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यात्रियों को करीब एक घंटे तक परेशानी का सामना करना पड़ा।

- जेसीबी से रास्ता दुरुस्त होने के बाद यातायात बहाल

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय मार्ग पर सड़क निर्माण जारी है। इसी दौरान राजपुर और बलरामपुर के बीच महान नदी के समीप ठेकेदार द्वारा सड़क पर मिट्टी डालकर छोड़ देने तथा लगातार वाहनों की आवाजाही से यह मिट्टी ऊंचे ढलान का रूप ले चुकी थी, जिससे सड़क बेहद फिसलन भरी हो गई। स्थिति ऐसी बन गई कि भारी और लोडेड वाहन इस ढलान पर चढ़ नहीं पा रहे थे। एक वाहन के फंसते ही पीछे वाहनों की लंबी कतार लग गई और देखते ही देखते दोनों ओर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर निर्माण एजेंसी ने दो जेसीबी मशीन मौके पर भेजी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जेसीबी की सहायता से सड़क पर जमा मिट्टी को समतल कर मार्ग को आवागमन के लिए सुरक्षित बनाया गया। इसके बाद धीरे-धीरे वाहनों की आवाजाही सामान्य हो सकी। जाम की सूचना मिलते ही पस्ता पुलिस और राजपुर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने यातायात व्यवस्था संभालते हुए एक-एक कर वाहनों को निकाला, जिससे यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सका।

## हेल्थ प्लस



# पर्यटन मंत्री अग्रवाल ने किया सोनोग्राफी सेंटर का उद्घाटन

**अंबिकापुर।** सोमवार को प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने दर्रीपारा स्थित अम्बिका सोनोग्राफी डाइलोस्टिक एवं इंटरवेंशन क्लिनिक का उदघाटन किया। इस दौरान उन्होंने केंद्र से जुड़े सभी चिकित्सकों, प्रबंधन एवं कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह केंद्र क्षेत्रवासियों को आधुनिक, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ होना किसी भी समाज के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। आधुनिक तकनीकों से युक्त जांच सुविधाएं समय पर रोगों की पहचान और प्रभावी उपचार में अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। उन्होंने कहा मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह सोनोग्राफी केंद्र क्षेत्रवासियों को आधुनिक, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। मंत्री श्री अग्रवाल संस्थान के चिकित्सकों एवं समस्त स्टाफ से सेवा, संवेदनशीलता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आग्रह करते हुए कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक व्यवसाय नहीं, बल्कि मानवता की सेवा का सर्वोच्च माध्यम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह केंद्र मरीजों का विश्वास जीतते हुए क्षेत्र में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं का नया मानक स्थापित करेगा। इस दौरान छग गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, युवा आयोग एक अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, अरुण कुमार, श्याम लाल जायसवाल, संस्थापक शिवलाल जायसवाल, संचालक परमानन्द तिवारी डॉ. तुषार आनंद, डॉ. अनीशा जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## शिक्षा विभाग में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई : 92 संलग्न शिक्षक-कर्मियों को उनके मूल पद पर लौटने के जारी हुए निर्देश

**बिश्रामपुर।** जिला शिक्षा विभाग ने लंबे समय से मूल पदस्थापना के स्थान पर अन्य संस्थाओं और कार्यालयों में संलग्न होकर कार्य कर रहे शिक्षकों एवं कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर ने 92 शिक्षक-कर्मियों की सूची जारी कर उन्हें तत्काल प्रभाव से अपने मूल पदस्थ संस्थान में कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

20 जुलाई को जारी आदेश में 92 शिक्षकों और कर्मचारियों के नाम शामिल किए गए हैं, जो विभिन्न कारणों से मूल पदस्थापना से हटकर अन्य कार्यालयों अथवा संस्थाओं में कार्यरत थे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि सभी संबंधित कर्मचारी अपने मूल पदस्थ स्थान पर कार्यभार ग्रहण करें। आदेश के अंत में विशेष टिप्पणी भी की गई है कि सूची में शामिल नामों के अलावा यदि कोई अन्य अधिकारी या कर्मचारी भी अपने मूल संस्थान के बजाय कहीं और कार्य कर रहा है, तो उसे भी इस आदेश के तहत स्वतः कार्यमुक्त माना जाएगा और उसे अपने मूल पद पर लौटना होगा। जानकारी के अनुसार हाल ही में लोक शिक्षण संचालनालय, छत्तीसगढ़ रायपुर द्वारा स्कूल शिक्षा मंत्री की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में संलग्न शिक्षकों और कर्मचारियों को मूल पद पर वापस भेजने के आदेश जारी किए गए थे। इसी के तहत जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर ने यह कार्रवाई की है। शिक्षा विभाग के इस फैसले को विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और व्यवस्था को सुचारू बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। हालांकि जिले में चर्चा इस बात की भी है कि आदेश का वास्तविक रूप से कितना पालन होगा और क्या वर्षों से संलग्न व्यवस्था का लाभ ले रहे कर्मचारी वास्तव में अपने मूल पदस्थ स्थानों पर लौटेंगे या फिर नए रास्ते तलाशे जाएंगे। फिलहाल विभाग के इस आदेश के बाद शिक्षा महकमे में हलचल तेज हो गई है और संबंधित शिक्षक-कर्मियों की नजर आगामी प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# मालवीय मिशन लोक मंगल की भावना से कर रहा काम : मंजूषा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

महामना मालवीय मिशन द्वारा मिशन भवन में महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी एवं एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, पार्षद शैलेष सिंह, पूर्व पार्षद मनोज कंसारी एवं श्रीमती प्रियंका चौबे को शाल, श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

- महापौर सहित ननि के जनप्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने सामाजिक समरसता, राष्ट्र निर्माण लोकमंगल तथा आध्यात्मिक चेतना जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। पं.मदन मोहन मालवीय के आदर्शों को जीवन में उतारने तथा राष्ट्र प्रथम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्यों से सभी को परिचित कराया एवं शहर के साथ ही प्रदेश की राजधानी रायपुर में हर सप्ताह नियमित गीता पाठ का संचालन होने की जानकारी दी। उन्होने कहा कि मिशन का नवीन भवन शासकीय सहयोग से निर्मित हुआ है। भवन निर्माण में नगर निगम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह सहयोग केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि समाज सेवा के प्रति संवेदनशील जनप्रतिनिधियों की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने भवन के बाहरी हिस्से में बरामदा एवं शौचालय निर्माण की मांग से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया।

महापौर श्रीमती मंजुषा भगत ने कहा कि मुझे पहली बार संस्था के मंच पर आने का अवसर मिला है। संस्था लोकमंगल की भावना से राष्ट्रहित में कार्य कर रही है। आज के समय में ऐसी संस्थाएं समाज के नैतिक एवं सांस्कृतिक आधार को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। आज के समय में ऐसी संस्थाएं समाज के नैतिक एवं सांस्कृतिक आधार को सुदृढ़ करने का कार्य कर रही है। मालवीय मिशन के कार्यों का प्रभाव तत्काल दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके परिणाम दीर्घकाल में समाज और राष्ट्र के चरित्र निर्माण के रूप में सामने आते है। सकारात्मक व्यक्तित्व निर्माण, परिवारों में संस्कारों का संवर्धन तथा सामाजिक चेतना जागृत करने में इस प्रकार की संस्थाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भगवत गीता का जीवन में अहम योगदान है। गीता का पाठ सभी को करना चाहिए। मैं स्वयं मिशन से से जुड़ना चाहूँगी और अधिक से अधिक लोगों को भी इससे जुड़ने के लिए प्रेरित करूंगी। संस्था के विकास एवं समाजपयोगी कार्यों के विस्तार के लिए नगर निगम की ओर से हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि पं.मदनमोहन मालवीय का जीवन भारतीय संस्कृति, नैतिकता, शिक्षा और राष्ट्रभक्ति का अनुपम उदाहरण है। यदि किसी व्यक्ति को ईमानदार, कर्मठता, सेवा और आदर्श जीवन का मार्ग अपनाना है तो उसे मालवीय जी के जीवन-दर्शन का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। मिशन से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति के भीतर एक आदर्श समाज के निर्माण का संकल्प दिखाई देता है तथा नगर निगम सदैव निष्पक्ष भाव से संस्था के विकास में सहयोग करता रहेगा। निर्माण समिति के अध्यक्ष मनीष सिंह ने कहा कि संस्था के मार्गदर्शक एवं नागरिकों के सहयोग से अम्बिकापुर को स्वच्छ, सुंदर एवं संस्कारित नगर बनाने का लक्ष्य अवश्य पूरा होगा। संस्था के अध्यक्ष ब्रह्माशंकर सिंह ने कहा कि विगत चौदह वर्षों से महामना मालवीय मिशन द्वारा बिना किसी निर्धारित बजट के समसामयिक विषयों पर वैचारिक विमर्श, आध्यात्मिक संवाद एवं सामाजिक जागरण के कार्यक्रम सतत आयोजित किए जा रहे है। समर्पित कार्यकर्ताओं एवं समाज के सहयोग का परिणाम है कि मिशन ने अम्बिकापुर नगर के एक हजार से अधिक परिवारों में गृह आधारित आध्यात्मिक संगोष्ठियों का आयोजन कर कुटुम्ब प्रबोधन का अनुकरणीय अभियान संचालित किया है। आज समाज को ऐसे ही संस्कारवान परिवारों की आवश्यकता है जहां संवाद, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का वातावरण विकसित हो। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से मिशन भवन के समक्ष बरामदा निर्माण, अतिरिक्त शौचालय एवं स्नानगृह सहित आवश्यक सुविधाएं विकसित करने की मांग की। महापौर मंजूषा भगत ने प्राथमिकता के आधार पर निर्माण पूरा कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश कश्यप तथा आभार प्रदर्शन जयप्रकाश चौबे ने किया।

पूरे कार्यक्रम में आत्मीयता, सामाजिक सौहार्द एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का वातावरण देखने को मिला। समारोह का समापन वसुधैव कुटुम्बकम तथा राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ हुआ। उपस्थित सभी लोगों ने महामना मालवीय मिशन के कार्यों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में यह संस्था सरगुजा अंचल में सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आध्यात्मिक जागरण का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरेगी। इस दौरान मिशन के केन्द्रीय समिति के सदस्य हरिशंकर त्रिपाठी, सुरेन्द्र गुप्ता, बीके सिंह, दुर्गा प्रसाद तिवारी, रामनारायण शर्मा, राजकुमार गुप्ता, संस्था के पदाधिकारी, सदस्यगण तथा नगर के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।




# अजबनगर स्कूल में कंप्यूटर समेत 2 लाख की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एनएच 43 किनारे स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अजबनगर में बीती रात अज्ञात चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सामान चोरी कर लिए हैं। चोरी की सूचना पर जयनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। घटना स्थल पर डॉग स्क्वायड की मदद लेने के बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लग सकी है।

- जयनगर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शुरू की जांच, अज्ञात के विरुद्ध अपराध दर्ज

स्कूल की प्राचार्य द्वारा जयनगर थाना में दिए आवेदन में उल्लेख किया गया है कि 19 जुलाई की रात विद्यालय में ड्यूटी पर तैनात रात्रिकालीन चौकीदार मुखल राम यादव की रात करीब 10 बजे अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके कारण वह अपने घर चला गया था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने विद्यालय परिसर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों द्वारा विद्यालय के कंप्यूटर कक्ष एवं अन्य कमरों का ताला तोड़कर एसर कंपनी का 1 मॉनिटर, 1 सीपीयू, 1 की-बोर्ड, 1 माउस, फेयर इंडिया कंपनी का 1 सीलिंग फैन, अहूजा कंपनी के लगभग 3 फीट ऊंचाई वाले 2 साउंड बॉक्स, रॉकलाइट कंपनी का रिचार्जेबल वायरलेस केरोके स्पीकर सिस्टम, जिसमें 2 वायरलेस माइक्रोफोन भी शामिल थे,उसे चोरी कर ले गए हैं।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार चोरी हुए उपकरण शैक्षणिक गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न सरकारी आयोजनों में उपयोग किए जाते थे। चोरी गए सामानों की कीमत करीब दो लाख रुपए आंकी जा रही है। प्राचार्य की लिखित सूचना पर जयनगर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।मामले में संभावित संदिग्धों की तलाश की जा रही है।









